अभ्यास प्रश्न पत्र 2

कक्षा 10

सामाजिक विज्ञान

**Time 3 Hrs.** **M.M 80**

यह अभ्यास प्रश्न पत्र सी.बी.एस.ई की साइट पर उपलब्ध नवीनतम आदर्श प्रश्न पत्र पर आधारित है।

## सामान्यनिर्देश :

1. यह प्रश्न पत्र चार भागों में विभाजित है- खंड-क, खंड-ख, खंड-गऔर खंड-घ|
2. इस प्रश्न पत्र में कुल 35 प्रश्न हैं|
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं|
4. प्रश्न के सामने अंक लिखे हुए हैं|
5. प्रश्न संख्या 1 से 20 अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं| प्रत्येक प्रश्न के एक अंक हैं|
6. प्रश्न संख्या 21 से 28, प्रत्येक 3 अंकों के हैं| इन प्रश्नों के उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए|
7. प्रश्न संख्या 29 से 34, प्रत्येक 5 अंकों के हैं| इन प्रश्नों के उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए|
8. प्रश्न संख्या 35 एक मानचित्र प्रश्न (6 अंकों का ) है जिसके दो भाग हैं- इतिहास (2 अंक ) तथा भूगोल (4 अंक )
9. मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

### खण्ड क

**प्र.1** बलूत के पत्ते किसका प्रतीक थे?

**प्र.2** ब्रिटिश सरकार ने वर्नाकुलर प्रेस एक्ट क्यों लागू किया?

अथवा

मार्टिन लूथर किंग ने कहा था, 'मुद्रण ईश्वर का अन्यतम एवं सर्वश्रेष्ठ उपहार है'। क्यों?

**प्र.3** चादर अपरदन से आप क्या समझते है?

अथवा

अवनलिकाओं से आप क्या समझते है?

**प्र.4** श्रीलंकाई तमिल, सिंहलियों से अलगाव क्यों महसूस करने लगे थे?

अथवा

सत्ता के उध्वाार्धर वितरण से आप क्या समझते हैं?

**प्र. 5** भारत को धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने वाले किसी एक संवैधानिक प्रावधान को लिखिए।

अथवा

जीवन के किसी एक पहलु को लिखिए जिसमें भारत में महिलाओं को भेदभाव का सामना करना पड़ता है?

**प्र.6** लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के संदर्भ में इनमें से कौन–सा विचार सही है– लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं ने सफलतापूर्वक :

A. लोगों के बीच टकराव को समाप्त कर दिया है।
B. लोगों के बीच की आर्थिक असमानताएँ समाप्त कर दी हैं।
C. हाशिए के समूहों से कैसा व्यवहार हो, इस बारे में सारे मतभेद मिटा दिए हैं।
D. राजनीतिक गैर बराबरी के विचार को समाप्त कर दिया है।

अथवा

लोकतंत्र के मूल्यांकन के लिहाज से इनमें कोई एक चीज लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अनुरूप नहीं है। उसे चुनें :

A. स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव
B. व्यक्ति की गरिमा
C. बहुसंख्यकों का शासन
D. कानून से समक्ष समानता

**प्र.7** सन् 868 में जापान में प्रकाशित हुई पुस्तक का नाम था–

A. डायमंड सूत्र
B. बंगाल गजट
C. गुलामगिरी
D. अमार जीबन

**प्र.8** 1430 में पहले छपाईखानें का स्थापना किसने की थी?

A. जॉन गुटेनबर्ग
B. मार्क पोलों
C. जेम्स हिक्की
D. मार्टिन लूथर किंग

**प्र.9** ˙ निम्नलिखित में से कौन – सा भारत द्वारा अपनाई गई भाषा–नीति के संदर्भ मे एक प्रमुख तत्त्व है।

A. भारतीय संविधान ने 22 भाषाओं को अनुसूचित भाषा के रूप में मान्यता प्रदान की।
B. केंद्र सरकार के किसी पद के लिए कोई उम्मीदवार संविधान में वर्णित किसी भी अनुसूचित भाषा में परीक्षा देकर चुने जाने का पात्र होता है।
C. राज्यों की भी अपनी राजभाषाएँ होती हैं।
D. सभी कथन सत्य है।

**प्र.10** निम्नलिखित में से कौन सा एक संघ सूची का विषय नहीं है?

1. रक्षा 2. कृषि 3. संचार 4. व्यापार

A. केवल 1
B. केवल 2 और 4
C. केवल 3
D. केवल 1 और 2

**प्र.11** निम्नलिखित में से कौन सा एक राजनीतिक दल के समक्ष प्रमुख चुनौती है?

1. आंतरिक लोकतंत्र का अभाव 2. वंशवाद 3. धन व बाहुबल 4. उचित विकल्प का अभाव

A. केवल 1
B. केवल 1 व 3
C. सभी विकल्प गलत है।
D. सभी विकल्प सही है।

**प्र.12** निम्नलिखित में से किसने बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की।

A. कांशीराम
B. मनमोहन सिंह
C. मायावती
D. राजनाथ सिंह

प्रश्न संख्या 13,14 एवं 15 में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

**प्र.13** सरकार द्वारा लगाए गए अवरोधों को हटाना .............................. कहलाता है। (व्यापार अवरोध/वैश्वीकरण/उदारीकरण)

**प्र.14** किसी वर्ष में उत्पादित........................ कुल मूल्य को सकल घरेलू उत्पाद कहते है। (सभी वस्तुओं और सेवाओं/सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं/सभी मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं)

**प्र.15** .............. सम्पत्ति है जिसका मालिक कर्जदार होता है जिसे वह ऋण लेने के लिए गांरटी के रूप में इस्तेमाल करता है, जब तक वह ऋण चुकता नहीं करता।

**प्र.16** सही मिलान का पता लगाइए।

नवीकरणीय संसाधन – कोयला

अनवीकरणीय संसाधन – सूर्य

अजैविक संसाधन– पशुधन

जैव संसाधन – मानव

**प्र.17** किस संधि के माध्यम से यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता प्रदान की गई?

**प्र.18** मानव विकास सूचकांक से आप क्या समझते है?

**प्र.19** गरीबी के उन्मूलन में लोकतंत्र की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

**प्र.20** नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए है एक संकल्पना(सं) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

**संकल्पना** (स): हमारे देश में स्वतंत्रता के उपरांत महिलाओं के जीवन में सुधार अवश्य हुए है परंतु वह पुरूषों से अभी भी पीछे है।

**कारण** (क): महिला सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को चुनावों में प्रतिनिधित्व मिलें।

**विकल्प**

A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।
B. संकल्पना (सं) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।
C. संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।
D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है।

## खण्ड़ ख

**प्र.21** राजनीतिक संदर्भों में उदारवादी राष्ट्रवाद का वर्णन कीजिए।

अथवा

1804 में नेपोलियन द्वारा उठाए गए प्रशासनिक सुधारों ने किस प्रकार यूरोप में राष्ट्र–राज्य के उदय में भूमिका निभाई?

**प्र.22** क्षेत्रीय एवं सांस्कृतिक विविधता को समाहित करने के लिए बेल्जियम की शासन पद्धति किस प्रकार अनुरूप है?

अथवा

'सत्ता में साझेदारी केवल बड़े एवं सांस्कृतिक विविधता वाले देशों के लिए ही उपयुक्त है'। टिप्पणी कीजिए।

**प्र.23** भारत में कृषि प्रारूप पर एक नोट लिखिए।

अथवा

'जब तक छोटे कृषकों का संरक्षण नहीं किया जाता तब तक खाद्य सुरक्षा असंभव है'। क्या आप इस कथन से सहमत है? व्याख्या कीजिए।

**प्र.24** 'भारत में राजनीतिक दलों को मान्यता कौन सी संस्था प्रदान करती है'? क्षेत्रीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए आवश्यक शर्तों को लिखिए।

**प्र.25** 'विदेशी व्यापार के परिणामस्वरूप विभिन्न देशों के बाजारों का एकीकरण हुआ है'। टिप्पणी कीजिए।

**प्र.26** 'सस्ती दर पर उपलब्ध ऋण देश के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है'। पुष्टि कीजिए।

**प्र.27** 'ऊर्जा संसाधनों का संरक्षण आज के समय की आवश्यकता है'। भारत के संदर्भ में कथन की व्याख्या कीजिए।

**प्र.28** विनिर्माण क्षेत्रक को विकास का मेरूदण्ड़ क्यों माना जाता हैं? कथन की व्याख्या कीजिए।

## खण्ड़ ग

**प्र.29** विगत पंद्रह वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रकृति में हुए बदलावों पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए।

अथवा

आधुनिक विश्व में व्यापार के रूप में पर्यटन के बढ़ते महत्व का वर्णन कीजिए।

**प्र.30** बेरोजगारी पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए।

अथवा

संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**प्र.31** महामंदी क्या थी? भारत पर पड़े महामंदी के प्रभावों का वर्णन कीजिए।

अथवा

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भारत में औद्योगिक उत्पादन अधिक तीव्र क्यों हो गया?

**प्र.32** 'यह आवश्यक नहीं है कि जेब में रखा रूपया वे सब वस्तुएँ और सेवाएँ खरीद सके, जिनकी आपको एक बेहतर जीवन के लिए आवश्यकता हो सकती है'। टिप्पणी कीजिए।

**प्र.33** कल्पना कीजिए की आप सविनय अवज्ञा आंदोलन में हिस्सा लेने वाली महिला हैं। बताइए कि इस अनुभव का आपके जीवन में क्या अर्थ होता?

**प्र.34** 1992 में भारत में विकेंन्द्रीकरण की तरफ उठाए गए मुख्य कदमों का वर्णन कीजिए।

## खण्ड़ घ

**प्र.35 A** भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में चार स्थान A, B, C और D चिन्हित किए गए है। नीचे दी गई सूचना के आधार पर उक्त स्थानों की पहचान करें एवं उन्हें मानचित्र में अंकित करे। (किन्हीं दो को भरिए)

a. वह स्थान जहाँ महात्मा गांधी ने सूती कपड़ा मिल मजदूरों के लिए आंदोलन आरंभ किया।
b. वह स्थान जहाँ कांग्रेस ने सितम्बर 1920 में अपना अधिवेशन किया।
c. वह स्थान जहाँ महात्मा गांधी ने किसान सत्याग्रह आरंभ किया।
d. वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत की।

**प्र.35** B भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं चार स्थान को दर्शाइए।

a. नामरूप भू–तापीय ऊर्जा संयंत्र
b. कुद्रेमुख लौह अयस्क केन्द्र
c. हैदराबाद सॉफ्टवेयर एवं तकनीकी पार्क
d. पुणे सॉफ्टवेयर एवं तकनीकी पार्क
e. राजा साँसी हवाई अड्डा
f. हल्दिया पत्तन
g. पारादीप पत्तन

निम्नलिखित प्रश्न, प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए है। **(कोई छः करें)**


a. हिंद स्वराज नामक पुस्तक की रचना किसने की?
b. महात्मा गांधी ने नील कृषि के विरूद्व आंदोलन कहाँ आरम्भ किया?
c. उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नामरूप भू–तापीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित है?
d. उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कुद्रेमुख लौह अयस्क केन्द्र स्थापित है?
e. उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ राजा साँसी हवाई अड्डा स्थापित है?
f. उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ हैदराबाद सॉफ्टवेयर एवं तकनीकी पार्क स्थापित है?
g. उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ पुणे सॉफ्टवेयर एवं तकनीकी पार्क स्थापित है?
h. उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ पारादीप पत्तन स्थापित है?
i. उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ हल्दिया पत्तन स्थापित है?

Q 35A & 35B

Practice paper-2

# INDIA POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES

भारत राजनैतिक और पड़ोसी देश




1. Based upon Survey of India Map with the permission of the Surveyor General of India.
2. The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate baseline.
3. The interstate boundaries between Uttar Pradesh & Uttarakhand, Bihar & Jharkhand, Madhya Pradesh & Chhattisgarh have not been verified by the Governments concerned.
4. The boundary of Meghalaya shown on this map is as interpreted from the North-Eastern Areas (Reorganisation) Act, 1971, but has yet to be verified.
5. The External Boundary and coast-line of India shown on this map agree with the Record / Master copy certified by the Survey of India, Dehra Dun. (Letter No.T.B. 991/62-A-3/213 Dated 5/5/2003)
6. The administrative Headquarters of Chandigarh, Haryana and Punjab are at Chandigarh.

© Government of India Copyright, 201

Publishers :-
INDIAN BOOK DEPOT (MAP HOUSE)®
2937, Bahadurgarh Road, Delhi-110006.
E-mail: info@ibdmaphouse.com
Price :- ₹
Amrit offset

Scanned with CamScanner